हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड, भिवानी

(आई0एस0ओ0 9001:2015 प्रमाणित संस्थान)

प्रेषकः सचिव, हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड, भिवानी।	सेवा में, सभी प्रधानाचार्य/मुख्याध्यापक/स्वंयपाठी।

क्रमांकः 262/सी0सै0/स0स0 दिनांक : 19.05.2023

विषयः—सीनियर सैकेण्डरी परीक्षा जुलाई—2023 लिए ऑन—लाईन आवेदन बारे

महोदय/महोदया,

उपरोक्त विषयान्तर्गत सभी प्रधानाचार्य/मुख्याध्यापकों/स्वंयपाठी परीक्षार्थियों को निम्नानुसार सूचित किया जाता है कि:—

सीनियर सैकेण्डरी के नियमित/स्वयंपाठी परीक्षार्थियों का परीक्षा परिणाम दिनांक 15.05.2023 को घोषित किया जा चुका है। इस परीक्षा के आधार पर जिन परीक्षार्थियों का परीक्षा परिणाम कम्पार्टमैंट घोषित हुआ है तथा जो परीक्षार्थी एक विषय में कम्पार्टमैन्ट/आंशिक अंक सुधार तथा एक ही अतिरिक्त विषय की परीक्षा देना चाहते हैं, की परीक्षा जुलाई—2023 हेतु बोर्ड वैबसाईट www.bseh.org.in पर ऑन लाईन आवेदन आरम्भ होंगे, जिनका शुल्क एवं तिथियां निम्न प्रकार होंगी:—

850/रूपए बिना विलम्ब शुल्क आवेदन करने की तिथि:— 23.05.2023 से 31.05.2023

100/रूपए विलम्ब शुल्क आवेदन करने की तिथि:— 01.06.2023 से 05.06.2023

300/रूपए विलम्ब शुल्क आवेदन करने की तिथि:— 06.06.2023 से 10.06.2023

1000/रूपए विलम्ब शुल्क आवेदन करने की तिथि:— 11.06.2023 से 15.06.2023

आवेदन के साथ—साथ परीक्षा शुल्क का बोर्ड द्वारा निर्धारित बैंक खाते में ऑन—लाईन शुल्क का समायोजन होना आवश्यक है। इसलिए समय रहते आवेदन करना सुनिश्चित करें अन्तिम तिथि उपरान्त कोई आवेदन फार्म स्वीकार नहीं किया जायेगा। आवेदन के समय किसी प्रकार की कठिनाई आने पर बोर्ड वैब साईट पर जारी हैल्पलाईन नम्बर/ई0मेल पर सम्पर्क करते हुए समाधान करना सुनिश्चित करेंगें।

अतः सभी प्रधानाचार्य/मुख्याध्यापक/स्वयंपाठी परीक्षार्थी उपरोक्त वर्णित अनुसार समय रहते आवेदन करना सुनिश्चित करें इसके उपरान्त किसी भी प्रतिवेदन पर कोई विचार नहीं किया जाएगा, जिसके लिए विद्यालय मुखिया/स्वयंपाठी परीक्षार्थी स्वयं जिम्मेदार होगें।

भवदीय,

सहायक सचिव (सी0सै0)
कृत्त : सचिव